हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

4 शिव-पार्वती विवाह के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु



## खबर संक्षेप

### युवाओं के लिए रोजगार मेला 20 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, एमसीबी द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), चिरमिरी में रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी मेसर्स श्री क्वालिटी सर्विसेज, सिद्धेश्वर क्लासिक, प्लॉट नंबर 2, हनुमान मंदिर रोड, पुणे महाराष्ट द्वारा गुणवत्ता निरीक्षक के 50 रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों के लिए आईटीआई, डिप्लोमा, बीएससी, बीई या बीटेक योग्यता रखने वाले पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 15,000 से 20,000 रूपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा तथा कार्यस्थल पुणे महाराष्ट रहेगा।

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 तक

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत एमसीबी जिला में सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन के लिए सेवा प्रदाताओं के रिक्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह नियुक्ति एक निश्चित मासिक सेवा शुल्क पर की जाएगी, जिसके लिए विभाग द्वारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी 17 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 से 21 फरवरी शनिवार को सांय 5:30 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

### बारात आए युवक का कुएं में मिला शव


**रामानुजनगर।** ग्राम तेजपुर में कुएं में एक युवक का शव मिला है। युवक की पहचान एमसीबी जिला अंतर्गत ग्राम सेंधा पोड़ी निवासी रवि कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेंधा पोड़ी निवासी 27 वर्षीय रवि कुमार आ. राम चन्द्र 13 फरवरी को ग्राम नागपुर निवासी प्रिंस साहू की बारात के साथ ग्राम तेजपुर आया था। अगले दिन सुबह 9 बजे बाराती दुल्हन के साथ विदा हो गए लेकिन रवि कुमार घर नहीं पहुंचा। देर रात तक उसके घर नहीं पहुंचने पर चिंतित परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रिश्तेदारों ने भी उसकी कोई जानकारी नहीं दी जिसके बाद परिजन तेजपुर पहुंचे तथा खोजबीन शुरू की। इस दौरान हरकेश साहू के खेत में स्थित कुएं में युवक का शव मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि रात में वह शौच करने के लिए खेत में गया होगा तथा कुएं में गिर गया होगा। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### स्टंटबाजी करते तीन नाबालिग पकड़े गए

**अंबिकापुर।** शहर में कार की बोनट पर सवार होकर स्टंट बाजी करने का मामला सामने आया है। स्टंट बाजी की शिकायत पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार समेत तीन लोगों को पकड़ा है और पकड़े गए सभी नाबालिग बताए जा रहे है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है की रविवार को शहर के नवापारा क्षेत्र में कुछ लोग एसयूवी कार में स्टंटबाजी कर रहे थे। एक किशोर कार की बोनट पर सवार था जबकि एक किशोर कार की रूफ से लटका हुआ था। युवकों के इस स्टंट बाजी से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस उत्पात की शिकायत किसी ने पुलिस से की थी जिसके बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर कार को पकड़ने के साथ ही युवकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए सभी उत्पाती युवक नाबालिग हैं।

## सीएम विष्णुदेव साय ने एमसीबी को दी 124 करोड़ की सौगात, 141 विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

# देवाडांड में चौकी, चैनपुर में ऑडिटोरियम, नागपुर को तहसील भवन




**बैकुंठपुर/डोमनहिल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने एमसीबी प्रवास के दौरान जिले को 127 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री 16 फरवरी की दोपहर लगभग 3 बजे पोड़ी ग्राउंड हेलीपैड पहुंचे, यहां से वे मालवीय नगर स्थित नगर निगम के मंगल भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री व विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, महापौर रामनरेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष चम्पा देवी पावले, नपा अध्यक्ष प्रतिमा पटवा, नप अध्यक्ष द्वय विरेन्द्र सिंह राणा, रीमा जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सीएम श्री साय ने एमसीबी जिले के विभिन्न विभागों के 82 पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया, जिन पर 3879.85 लाख रूपए की लागत आई। साथ ही 59 नए विकास कार्यों का 8824.78 लाख रूपए की स्वीकृत राशि से शिलान्यास किए। इन परियोजनाओं में सड़क, पुल, भवन निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्युत विस्तार, पेयजल व्यवस्था और नगरीय विकास से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं, जिनसे शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि 127 करोड़ रूपए की लागत शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री के बैकुंठपुर आगमन पर भव्य स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बैकुंठपुर पहुंचे। उनके आगमन पर सर्किट हाउस में गरिमामय स्वागत किया गया। संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर चंदन त्रिपाठी तथा एसपी रवि कुमार कुर्रे सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कर्मा नृत्य दलों ने मांदर की थाप पर सांस्कृतिक स्वागत प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान विभिन्न शासकीय एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल और विधायक भैया लाल रजवाड़े भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री साय की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगर निगम विकास को लेकर कई घोषणाएं कीं। इनमें निगम के लिए अग्निशमन वाहन, पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए बकरी समर्थन केन्द्र, देवाडांड में पुलिस चौकी की स्थापना, चैनपुर में ऑडिटोरियम व्यवस्था, नागपुर में तहसील भवन, चिरमिरी क्षेत्र में पर्यटन विकास के प्रयास शामिल है।

### जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

सीएम साय का काफिला चिरमिरी स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। यहां मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा अंगवस्त्र एवं तिलक लगाकर उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। मंदिर परिसर की यज्ञशाला में विधिवत हवन-पूजन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गुरु घासीदास की कुटिया में दर्शन किए तथा जगन्नाथ मंदिर के साथ-साथ शिव मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर प्रदेश और जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत मुख्यमंत्री आनंद बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने आम नागरिकों के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और सहज संवाद के माध्यम से लोगों की भावनाओं को जाना। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## सीएम आज करेंगे तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव का शुभारंभ

कोरिया जिला सहित प्रदेश की लोककला, संस्कृति एवं मंचीय प्रतिभाओं को राष्टीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय भव्य कोरिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 17 से 19 फरवरी तक शासकीय रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 फरवरी को करेंगे।

इस अवसर पर जिले में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया जाएगा, जिससे जिले के विकास को नई गति मिलेगी। मंगलवार 17 फरवरी को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में सुबह 11 बजे शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सरगुजा एवं कोरबा लोकसभा के सांसद, संभाग के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के सभी विधायक, छग शासन के अपर मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रमुख सचिव, विभिन्न विभागों के सचिव, संभागायुक्त, संभाग के सभी जिला कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष इस मौके पर उपस्थित होंगे। जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा प्राधिकरण की बैठक, महोत्सव की तैयारी व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। कोरिया महोत्सव में शामिल होने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई है ताकि यातायात सुचारू रूप से हो सके। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान 16 विभिन्न सत्रों में 170 से अधिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में सुआ, कर्मा, पंथी, शैला, गेड़ी, भरथरी, पंडवानी जैसे छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों के साथ-साथ कथक, ओडिसी, फ्यूजन वोकल, बांसुरी वादन, सैक्सोफोन वादन एवं सूफी गायन जैसी शास्त्रीय और आधुनिक विधाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी।

- सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल होंगा शामिल

# फरियादी के लिए प्रत्येक थाने और चौकी में दो कुर्सियां आरक्षित

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया पुलिस द्वारा जन-संवेदनशील पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकियों में पीड़ितों एवं सूचनाकर्ताओं के लिए दो-दो कुर्सियां आरक्षित कर उपलब्ध कराई गई हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि थाना/चौकी में आने वाले प्रत्येक पीड़ित, फरियादी अथवा सूचना देने वाले नागरिक को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी समस्या सुनी जाए। इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सभी थाना एवं चौकी उपरोक्त सामग्री को उपलब्ध कराया गया है, इसके फलस्वरूप जिले के समस्त थाना एवं पुलिस चौकियों में उक्त व्यवस्था कर ली गई है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के मध्य विश्वास को सुदृढ़ करना तथा पीड़ितों के साथ संवेदनशील एवं गरिमामय व्यवहार सुनिश्चित करना है। जिला पुलिस यह मानती है कि प्रत्येक नागरिक सम्मान का अधिकारी है और उसकी समस्या को गंभीरता एवं सहानुभूति के साथ सुनना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिला कोरिया पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की सूचना अथवा शिकायत के लिए निःसंकोच अपने निकटतम थाना/चौकी से संपर्क करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।




कोरिया पुलिस ने की पहल

# पर्यटन विकास से बदलेगा जिले का भविष्यः श्यामबिहारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के पावन पर्यटन स्थल अमृतधारा जलप्रपात में आयोजित अमृतधारा महोत्सव में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिमा यादव, नई लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र, जनपद अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, नगर पंचायत अध्यक्ष झगराखांड श्रीमती रीमा यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष जनकपुर कौशल पटेल, सरपंच लाई श्रीमती सोनकुंवर सहित अनेक जनप्रतिनिधि के साथ कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, वन मंडल अधिकारी, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉलों के निरीक्षण से हुई, जहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आदिवासी विकास, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास, मछली पालन, पशुधन विकास, उद्यान, कृषि, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी देते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसके पश्चात छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कहा कि अमृतधारा महोत्सव आस्था, संस्कृति और विकास का सशक्त प्रतीक है।



जिला प्रशासन इस ऐतिहासिक स्थल के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और समुचित विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य एवं यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अमृतधारा महोत्सव हमारी विरासत, पर्यटन और विकास की पहचान है। वर्ष 2023 के बाद से इस पवित्र स्थल को उसकी पुरानी गरिमा लौटाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# बिहारपुर वन परिक्षेत्र में पांच हाथियों का दल कर रहा विचरण



**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के वनपरिक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र में 4 से 5 हाथियों का नया दल विचरण कर रहा है। इसकी सूचना पर वन अमला प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सजग रहने एवं हाथियों से दूरी बनाकर सुरक्षित रहने की सलाह दी तथा वन क्षेत्रों में नहीं जाने को लेकर मुनादी कराई जा रही हैं। वन विभाग के सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार हाथियों का नया दल वन परिक्षेत्र बिहारपुर के परिसर चपलीपानी के कक्ष क्रमांक 851, 852, 857 से बीती रात को बीट झामडॉड 853 से लगे हुए ग्राम कांटो में प्रवेश किया, जहां हाथियों के नए दल द्वारा ग्रामीणों के फसलों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कुछ ग्रामीणों के घर के सामान को क्षप्त-विक्षप्त कर दिया गया। इसके बाद हाथियों दल 16 फरवरी को कक्ष क्रमांक 852, 857 में विचरण करते देखे गए। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार जंगल घना होने की वजह से हाथियों के दल में निश्चित संख्या का पता नहीं चल रहा है। इस क्षेत्र से हाथियों के जाने की संभावना झामडॉड, बैरागी, बसखोहार, मनियारी, शिवपुर, नवाडीह की ओर जताई जा रही है।

# तस्करों के हौसले बुलंद, जब्त की गई रेत को भी बेच दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की वे अब जब्त की गई रेत को भी बेचने से परहेज नहीं कर रहे है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड के नरसिंहपुर से सामने आया है जहां नदी किनारे घाटों से तस्कर बेखौफ होकर रेत की तस्करी कर रहे है इसके साथ ही तस्करों द्वारा जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द किए गए रेत की भी तस्करी कर दी गई। अब इस मामले में सरपंच ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर अधिकारी भी शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की बात कह रहे है।

बता दें कि विकासखंड के नरिसंहपुर स्थित महान नदी घाट से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत उत्खनन कर तस्करी की जा रही है। तस्कर नदी से रेत निकालकर शंकरगढ़ के साथ ही लुंड्रा धौरपुर क्षेत्र में खपा रहे है। दिन रात नदी से मजदूर लगाकार ट्रैक्टर, टिपर वाहनों में रेत भरकर तस्करी की जा रही है। तस्करों के अवैध रेत उत्खनन से शासन को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है इसके साथ ही ग्राम पंचायत नरसिंहपुर को भी लाखों रूपए के राजस्व की हानी हो रही है। इसके साथ ही तस्कर रेत परिवहन के लिए जिन मार्गों का उपयोग कर रहे है उन क्षेत्रों में निवासरत पिछड़ी जनजाति के लोगों में खासी नाराजगी है। भारी वाहनों का आवागमन दिनभर जारी रहता है जिससे लोगों को ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



# एसईसीएल कटकोना कालरी की बंद पड़ी खदान पुनः शुरू



**पटना।** एसईसीएल की कटकोना कालरी में बंद पड़ी पांच नंबर कोयला खदान को पुनः चालू करने की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के सीएमडी हरिश दुहान ने शनिवार को खदान क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खदान की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी पहलुओं एवं उत्पादन संभावनाओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के पश्चात सीएमडी हरिश दुहान ने बताया कि पांच नंबर कोयला खदान के पुनः प्रारंभ होने से शेष पेज 4 पर

## स्पेस लैब, विज्ञान प्रदर्शनी और मिशन 100 से शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार

# शिक्षा के साथ अंतरिक्ष विज्ञान से रुबरु हो रहे कोरिया के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कोरिया जिला निरंतर नवाचार कर रहा है।

जिला प्रशासन के सहयोग से शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्यक्रम पूर्णता के साथ-साथ स्मार्ट क्लासेस, डिजिटल शिक्षा, वैज्ञानिक प्रयोगों के अनुप्रयोग और व्यावसायिक शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले में स्थापित सुभांशु शुक्ला स्पेस लैब के माध्यम से विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित की जा रही है। यहां रॉकेट साइंस, कृत्रिम उपग्रह, ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, थ्री-डी प्रिंटिंग, सौर मंडल, आकाशगंगा और टेलीस्कोप के उपयोग संबंधी व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। अब तक महाविद्यालयों, अशासकीय और शासकीय विद्यालयों के 3000 से अधिक विद्यार्थी स्पेस लैब का अवलोकन कर लाभान्वित हो चुके हैं। जिले में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया गया। दक्ष शिक्षकों एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों द्वारा रॉकेट साइंस तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे किशोरों में वैज्ञानिक चेतना जागृत हो सके। ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के सहयोग से आयोजित मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों को टेलीस्कोप से मंगल, बृहस्पति, शुक्र और चंद्रमा के दर्शन कराए गए। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ब्रह्मांड और सौर मंडल की जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों में खगोल विज्ञान के प्रति उत्साह बढ़ा। बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता और शेष पेज 4 पर





### युवा संसद में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान

संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 में कोरिया जिले ने लगातार दूसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। छात्र-छात्राओं ने तार्किक क्षमता और संसदीय प्रक्रिया की उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। शिक्षा, विज्ञान और नवाचार के समन्वित प्रयासों से कोरिया जिला न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार कर रहा है, बल्कि विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक से परिचित कर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार भी कर रहा है।

### 20 से शुरू होंगी 10 वी 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 जिले के निर्धारित 75 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। हायर सेकण्डरी परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तथा हाईस्कूल परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक संपन्न होगी। दोनों परीक्षाओं का समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस वर्ष जिले में कुल हाईस्कूल के 9,731 तथा हायर सेकण्डरी के 8,025 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, इस प्रकार कुल 17,756 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। मंडल पार्टी द्वारा परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे से समन्वय संस्था शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बिकापुर में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची से नाम विलोपित करने का प्रयास, थाना प्रभारी से शिकायत

**अम्बिकापुर।** झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण जानकारी देकर मतदाता सूची से नाम विलोपित का प्रयास करने के मामले में पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से शिकायत की। साथ ही दोषियों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।



कोतवाली प्रभारी से की गई शिकायत में बरेजपारा निवासी परवेज आलम गांधी ने बताया है कि अंबिकापुर का स्थायी निवासी एवं विधिवत पंजीकृत मतदाता हूँ। मेरे संबंध में निर्वाचन आयोग के समक्ष फॉर्म-7 के माध्यम से यह झूठी, भ्रामक एवं तथ्यहीन शिकायत प्रस्तुत की गई है कि मैं उक्त पते पर निवासरत नहीं हूँ और मेरा नाम मतदाता सूची से विलोपित किए जाने का प्रयास किया गया है। परवेज आलम गांधी ने मामले की जांच कर दोषी के विरूद्ध नामजद एफआईआर किए जाने की मांग की है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अलग अलग घटनाओं में वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम सुरेशपुर निवासी समीर पन्ना आ. जमीदार पन्ना (27 वर्ष) शुक्रवार को बाइक से अकेले पत्नी को लेने बडापारा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार गड़ाबहरी के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां शनिवार की शाम युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी समीर मिंज आ. जय प्रकाश मिंज (17 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर चचेरा भाई संदीप के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार बेलहर मुड़ा बांध के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक से गिर जाने तथा सिर में चोट लगने से समीर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि संदीप को मामूली चोटे आई। परिजन तत्काल घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां आपातकालीन केन्द्र में चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वृद्ध पर गिरी पेड़ की डगाल उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** स्नान करने जा रहे वृद्ध पर अचानक पेड़ का डंगाल गिर गया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम पकनी चंद्रेढ़ा निवासी हरीलाल यादव आ. स्व. अबतो यादव (78 वर्ष) शनिवार की सुबह घर के समीप पैदल स्नान करने जा रहा था। वृद्ध जैसे ही शिशम पेड़ के समीप पहुंचा तभी अचानक एक डंगाल वृद्ध पर गिर गया जिससे वृद्ध मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना को देख परिजन उसे तत्काल स्थानीय मेडिकल दुकान में मलहम पट्टी कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई तीन किशोर हुए घायल



**सोनगरा।** बनारस रोड सकलपुर के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक सवार तीन किशोर घायल हो गए जिसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक क्रमांक सीजी 15 सीपी 6949 काफी तेज रफ्तार में थी जिससे चालक बाइक से नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ग्राम बोझा निवासी बाइक चालक सोनू अगरिया आ. उकील अगरिया (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक में बैठे मनीष अगरिया आ. शिव प्रसाद अगरिया (15 वर्ष) तथा ओम प्रकाश अगरिया आ. मनोज उर्फ गेंठी (13 वर्ष)घायल हो गए। इधर घटना की सूचना पर प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक रजनीश पटेल और दिनेश ठाकुर तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार सोनू की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### झूमते-नाचते देर शाम गौरी मंदिर पहुंचे बाराती

# गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान शिव की बारात, जगह-जगह किया गया स्वागत



भगवान शिव का श्रृंगार करते समिति के पदाधिकारी।



बारात में शामिल लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महाशिवरात्रि पर प्रतापपुर चौक स्थित सहेली गली शिव मंदर से गाजे-बाजे के साथ भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं सड़कों का भ्रमण करते हुए देर शाम गौरी मंदिर पहुंची जहां परंपरानुसार भगवान शिव एवं पार्वती का विवाह रचाया गया।

**खास बात**

- रचाया गया शिव-पार्वती का विवाह, बारातियों को परोसे गए विविध व्यंजन

रविवार को भगवान बारात निकासी के पूर्व सहेली गली स्थित शिव मंदिर में विविध अनुष्ठान किए गए। पूजन एवं महाआरती के उपरांत भगवान शिव का रथ सजाने के साथ ही दुल्हा बने भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया तिा अपरान्ह 4 बजे बारात निकाली गई। बारात में शहर की विभिन्न कीर्तन मंडलियां ढोल-मरीजे के साथ भजनों की प्रस्तुति दे रही थी वहीं बैण्डबाजा व डीजे की धुन पर युवा एवं महिलाएं नाचते-गाते चल रहे थे। जैसे-जैसे बारात आगे बढ़ रही थी लोग बारात में शामिल हो रहे थे। बारात में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने के कारण आवागमन सुचारू रखने पुलिस अमले की लगातार कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बारात के सुचारू संचालन एवं शांति व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए बारात देर शाम पुलिस लाइन स्थित गौरी मंदिर पहुंची जहां द्वारचार करने के साथ ही भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान गौरी शंकर समिति द्वारा बारातियों का स्वागत किया गया।

उन्हें फलाहार एवं लजीज व्यंजन परोसा गया। सोमवार को विदाई की रस्म होगी तथा दुल्हा पक्ष गौरी मंदिर से भगवान शिव को रथ में ले आएगा। सहेली गली शिव मंदिर में पहुंचने पर भगवान की आरती उतारी जाएगी तथा शाम में समारोहपूर्वक भण्डारे का आयोजन कियाजाएगा।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**

सहेली गली शिव मंदिर से बारात के निकलने के साथ ही बारातियों के स्वागत का क्रम प्रारंभ हो गया। इस दौरान साक्षरतामार्ग, भट्ठीरोड चौक, गुदरी चौक, थाना चौक सहित अन्य स्थानों पर वार्डवासियों समाज के लोगों ने बारातियों का फूल बरसा कर स्वागत किया तथा बारातियों को फल एवं मिष्ठान परोसा। सहेली गली शिव मंदिर से ठंडई पीकर निकले बाराती पूरे मार्ग में लोगों को गुलाल लगाते एवं गुलाल उड़ाते चल रहे थे। बारातियों के गौरी मंदिर पहुंचने पर देर रात तक बारातियों का स्वागत सत्कार एवं भेजन चलता रहा।

**40 सालों से चल रही परंपरा**

शिव शंकर कीर्तन मंडली द्वारा 40 वर्ष पूर्व शिव बारात की परंपरा प्रारंभ की गई थी जो अनवरत जारी है। शिव बारात के प्रति लोगों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। पूर्व में भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक भजन एवं पारंपरिक वाद्य आकर्षण के मुख्य केन्द्र रहते थे तथा गायक-वादक शिव विवाह में शामिल होकर भजनों की प्रस्तुति देना अपना गौरव समझते थे। अब बैंड बाजा एवं डीजे के धुन का आकर्षण बढ़ गया है तथा इनके शोर में मंडलियों के भजनों की प्रस्तुति मद्धिम हो गए हैं।

### हर्राटोली स्थित शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**शंकरगढ़।** विकासखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम हर्राटोली में स्थित पौराणिक एवं सुप्रसिद्ध शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर को मनमोहक एवं आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था। श्रद्धालु रातभर भजन-कीर्तन में लीन रहे। वहीं सुबह लगभग 3 बजे से ही शिवभक्त पूजा के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर को धूप-दीप, चावल, भांग, फूल, भस्म एवं अबीर-गुलाल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर हर्राटोली मंदिर समिति की ओर से विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान मंदिर समिति के विजय जायसवाल, मुन्ना राम, ब्रजराज, दीपक जायसवाल, प्रियांशु पाण्डेय एवं मंदीप सहित अन्य मौजूद थे।

## चोरकीपानी पहाड़ पर स्थित शिवमंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**सीतापुर।** शिवभक्तों की आस्था का प्रतीक मैनपाट के चोरकीपानी पहाड़ में स्थित शिवमंदिर का जीर्णोद्धार किया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ इस शुभ कार्य का श्रीगणेश किया। विदित हो कि विकासखंड मैनपाट के चोरकीपानी पहाड़ पर दशकों पुराना शिवमंदिर स्थित है।

- पूजा अर्चना के साथ विधायक ने निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

इस शिवमंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां जो शिवलिंग है वो स्वयंप्रगट शिवलिंग है जो साल दर साल नया आकार लेता जा रहा है। इसे मनोकामनापूर्ति शिवलिंग भी कहा जाता है जिसकी वजह से इस मंदिर से भक्तों की अटूट आस्था जुड़ी है। यही वजह है कि पहाड़ी पर स्थित चोरकीपानी शिवमंदिर में मनोकामना पूर्ति हेतु साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां लगने वाले मेला में आसपास समेत दूरदराज से भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। पांच दशक पूर्व पहाड़ी पर निर्मित शिवमंदिर रखरखाव के अभाव में काफी जीर्ण शीर्ण हो गया था। मंदिर की दयनीय स्थिति देखते हुए विधायक बनने से पूर्व यहां से जुड़े हुए विधायक रामकुमार टोप्पो ने इसके जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। विधायक ने जीर्णोद्धार से पहले क्षेत्रवासियों की बैठक बुलाते हुए एक समिति गठित की ताकि मंदिर का जीर्णोद्धार समिति के देखरेख में हो सके। सारी तैयारियां पूरी होने के बाद महाशिवरात्रि के दिन शिवमंदिर में पूजा अर्चना के बाद विधायक ने मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का श्रीगणेश किया। पूजा अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे की व्यवस्था की गई थी जहां सभी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता जीर्णोद्धार समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता दानदाता भक्तगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दरिमा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर खर्रा नदी तट पर स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी तथा सुबह छह बजे से दोपहर तक श्रद्धालु कड़ी धूप में अपने हाथों में जल लेकर लाइन में खड़े रहे। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक किया। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए शिव समिति कर्जी, सोहगा द्वारा विशाल भण्डारे काआयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया गया था। दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों ने मेला का आनंद उठाया एवं जरूरत के सामान खरीदे। समिति द्वारा खर्रा नदी तट पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं करने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। मुख्य मार्ग पर मंदिर होने के कारण सड़क पर वाहनों के आवागमन के बीच लोग घंटों लाइन में खड़े रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से भविष्य में सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की है।



### कोठीपत्थल ओम्कारेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रधालुओं की भीड़

**राजपुर।** ओंकारेश्वर मंदिर, कोठीपत्थल (ओकरा) में महाशिवरात्रि पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महा शिवरात्रि महोत्सव पर श्रधालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर महदेव का जलाभिषेक किया। मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रधालुओं की लम्बी कतार मंदिर परिसर से लेकर नदी के तट तक लगी रही। स्थानीय ग्रामीण महेंद्र अग्रवाल व दसरू राम ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन यहां लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि यदि शासन द्वारा इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तो समिति को आयोजन में सुविधा होगी। वर्तमान में संसाधनों के अभाव में समिति को चंदा एकत्र कर व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं। महोत्सव की शुरुआत 14 फरवरी को सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ हुई। दोपहर 1 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन एवं संपूर्ण रामचरितमानस पाठ प्रारंभ किया गया। रविवार को सुबह 7 बजे से अखण्ड भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सायं 7 बजे से रुद्राभिषेक तथा दोपहर 3 बजे से जगराता आयोजित हुआ। 16 फरवरी सोमवार को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। इस दौरान समिति के संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष कपिल देव कौशिक, कोषाध्यक्ष दसरू राम, सदस्य राधे श्याम अग्रवाल, राम प्रसाद, शिवलाल मराबी, मुकेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राहूल, भोला, दुर्धाधन मरावी, अर्जुन, संजय गोयल आदि मौजूद थे।



## भागवत कथा के चौथे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामानुजगंज।** ज्ञान यज्ञ परिवार के तत्वावधान में धर्मशाला परिसर में आयोजित पांच दिवसीय ज्ञानोत्सव अंतर्गत श्रीमद् भागवत अमृत कथा का क्रम निरंतर जारी है। कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड के गढ़वा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे।



कथा व्यास आचार्य बलदेव महाराज ने श्रीमद्भागवत के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। भागवत कथा के श्रवण से अंतर्मन शुद्ध होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण और भागवत कथा का श्रवण ही मोक्ष का सरल मार्ग है। देर शाम आयोजित प्रवचन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए संतों ने कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है, जिसे अपनाकर समाज में नैतिक मूल्यों और समरसता को मजबूत किया जा सकता है। कथा के चौथे दिन गढ़वा से पधारे श्रद्धालुओं में प्रमुख रूप से आर्य समाज गढ़वा के प्रमुख विनय प्रकाश, संरक्षक ज्ञान प्रकाश केशरी, समाजसेवी विजय कुमार केसरी, कमलेश गुप्ता, विनय प्रकाश केसरी, प्रो. उमेश सहाय, शकुंतला गुप्ता, लता गुप्ता, अनुपम केसरी, सुशील केसरी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली 26 को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर और रायपुर के तत्वाधान में महिला सैन्य पुलिस के पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी (मध्यप्रदेश) में किया जाएगा। भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस भर्ती रैली में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वे महिला उम्मीदवार हिस्सा लेंगी, जिन्होंने पूर्व में आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी।

## एकतरफा गिरफ्तारी से भड़का श्रमिक आक्रोश




पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपते संगठन के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

जगन्नाथपुर ओसीपी में सामने आए कथित कोयला चोरी प्रकरण ने अब गंभीर और संवेदनशील रूप ले लिया है। मामले में पुलिस कार्रवाई को लेकर श्रमिक संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे एक तरफा और जल्दबाजी में की गई कार्रवाई बताया है। पांच केंद्रीय श्रमिक संगठन हिंद मजदूर सभा, भारतीय मजदूर संघ, इंटक , एटक और सीटू ने संयुक्त रूप से खड़गवां पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर पूरी कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

श्रमिक संगठनों का आरोप है कि 15 जनवरी को सामने आए प्रकरण में पुलिस ने केवल निचले स्तर के कर्मचारियों को निशाना बनाया है, जबकि खदान में कोयला प्रेषण की पूरी प्रक्रिया एक निर्धारित एसओपी के तहत संचालित होती है, जिसमें वाहन एंट्री, बूम बैरियर, चेक पोस्ट, लोडिंग, कांटा वजन और निकासी तक कई स्तरों पर निगरानी और जिम्मेदारी तय होती है। ऐसे में यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो जांच का दायरा केवल कर्मचारियों तक सीमित रखना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। संगठनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 14 फरवरी को दो कांटा लिपिकों को ड्यूटी के दौरान बयान दर्ज करने के नाम पर पुलिस चौकी बुलाया गया और देर शाम उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। श्रमिक नेताओं का कहना है कि विभागीय जांच में अभी तक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, इसके बावजूद की गई गिरफ्तारी ने कर्मचारियों के बीच भय, असंतोष और आक्रोश का माहौल है। श्रमिक संगठनों ने पुलिस अधीक्षक, एएसपी के नाम पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा तथा पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि एकतरफा कार्रवाई पर रोक नहीं लगी और न्यायपूर्ण जांच सुनिश्चित नहीं की गई, तो व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## एसईसीएल सीएमडी ने अमेरा व आमगांव खदानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने शनिवार को दो दिवसीय बिश्रामपुर प्रवास के दौरान आमगांव एवं अमेरा खदान का निरीक्षण कर उत्पादन और डिस्पैच की समीक्षा की,बैकुंठपुर में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद वे सीधे बिश्रामपुर पहुंचे और स्थानीय विश्राम गृह में विभाग प्रमुखों की बैठक लेकर चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्य की प्रगति पर चर्चा की,उन्होंने अधिकारियों को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व कोयला उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। अगले दिन रविवार की सुबह सीएमडी आमगांव खदान पहुंचे, जहां फेस एवं पंपिंग कार्य का जायजा लिया,उन्होंने अगले वर्ष खदान से दो मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य हेतु आवश्यक कागजी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने को कहा,इसके बाद अमेरा खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के साथ उत्पादन में तेजी लाने पर जोर दिया।

- सरगुजा आयुक्त, आईजी व सूरजपुर कलेक्टर से भी की मुलाकात



निरीक्षण करते सीएमडी।

प्रवास के दौरान सीएमडी ने सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ से मुलाकात कर केंद्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों और सामाजिक विकास कार्यों में सहयोग पर चर्चा की,उन्होंने केनापारा पर्यटन स्थल का भी निरीक्षण कर स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। इसके पश्चात वे अंबिकापुर में सरगुजा संभाग कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा व आईजी दीपक झा से मिले और आगामी दिनों सरगुजा संभाग में खुलने वाले नई खदान परियोजनाओं को लेकर सहयोग का आग्रह किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ,महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय सहित आमगांव सब एरिया मैनेजर विजय कुमार,अमेरा सब एरिया मैनेजर ओमप्रकाश अटल खदान के मैनेजर विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण इस दौरान उपस्थित थे।



# महेश बाबू ने लॉन्च किया भव्यता रहस्य से भरा नागबंधम का टीजर

**नई दिल्ली।** 'ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त...', यह दमदार लाइन 'नागाबंधम' की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहां दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का मचअवेटेड टीजर महेश बाबू ने रिलीज किया। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ नजर आ रही है।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## शेयर की अहम सूचना, सतर्क रहने की दी हिदायत

धुरंधर अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है। फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। 'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है। सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।



हॉलीवुड मसाला



# सिंगर से नहीं किया कभी प्यार

**नई दिल्ली।** एक टाइम पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे, लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया, लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं। जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, 'सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है।




# चीन के वीडियो मॉडल ने हालीवुड की उड़ाई नींद

**नई दिल्ली।** वो हॉलीवुड जिसके इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को टक्कर देने के लिए मेकर्स करोड़ों रुपए खर्च करते थे और कुछ को रीक्रिएट करने में प्रोड्यूसर्स के पसीने छूट जाते हैं।.. अब वो सीन्स एआई के जरिए मिनटों में बनाए जा सकते हैं। जी हां, एक नए एआई वीडियो मॉडल के आने से माना जा रहा है कि यह हॉलीवुड के लिए खतरा बन सकता है। कुछ लोग तो इसे 'हॉलीवुड किलर' बता रहे हैं। यह एआई वीडियो मॉडल चीन से आया है। डायरेक्टर रुएरी रॉबिन्सन ने टॉम और ब्रैड का एआई मेड फाइट सीन वाला वीडियो शेयर किया है और लिखा है, 'लोग इसे अब तक का सबसे भरोसेमंद प्लॉट ट्विस्ट कह रहे हैं।' इस वीडियो को हॉलीवुड के को-राइटर रेट रीज ने वीडियो रीशेयर करते हुए दुख जताया। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है।



# यश की टॉक्सिक हो सकती है पोस्टपोन

**मुंबई।** यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कारण बताते हुए फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च की जगह आगे बढ़ने की बात कही गई है।। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बीच जबरदस्त क्लैश हो रहा था। इस साल मार्च में इस साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस टक्कर होने वाली है। रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक एक ही दिन 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। दोनों ही बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका इंतजार हो रहा है। ट्रेड एनालिस्ट पहले ही बता चुके हैं कि इस क्लैश से एक को तगड़ा नुकसान हो सकता है। इस क्लैश को टाले जाने पर बातचीत होने की खबर थी। लेकिन, अब एक रेडिट गॉसिप सामने आई है। इसके मुताबिक टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है।



# एक्टर्स को एआई से हो सकता है नुकसान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल प्ले किए हैं। उन्होंने पर्दे पर कॉमेडी से लेकर बतौर एक्टर और विलेन का किरदार निभाया है। अभिषेक प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। ऐसे में अभिषेक बच्चन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपनी राय दी है कि यह कैसे 'एक्टर्स के लिए नुकसानदायक' हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि एआई उन्हें डराता है, और कहा कि वह इसके साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। अभिषेक ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'एआई मुझे डराता है। हर एक्टर को इससे डर लगना चाहिए। क्रिएटिव काम में एआई बहुत कुछ बदल देगा। अगर इसे सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो एक्टर्स के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

टीवी मसाला



# कीकू ने पत्नी प्रियंका के साथ किए राम लला के दर्शन

**नई दिल्ली।** कीकू शारदा इन दिनों अपनी कॉमेडी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4' के जरिए ऑडियंस का दिल जीत रहे हैं। कीकू ने कॉमेडी शोज और एक्टिंग के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। इस पॉपुलैरिटी और सक्सेस को वह फैमिली के साथ एन्जॉय करते हैं। इसके लिए वह भगवान का आभार भी जताते हैं। उन्होंने राम लला के दर्शन किए और तस्वीरें शेयर की हैं। कीकू शारदा की अयोध्या की इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रियंका शारदा भी रहीं। कीकू ने अयोध्या में रामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन और सरयू आरती के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किया और एक आस्था से भरा नोट भी शेयर किया है। कीकू शारदा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'अयोध्या में राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव की यात्रा थी. राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी बारीक नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और विश्वास को दर्शाती है।' कीकू शारदा ने आगे लिखा, 'राम लला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर गहरी शांति थी, एक मौन प्रार्थना थी- कृतज्ञता, आशा और समर्पण की। वहां से हम पवित्र सीढ़ियां चढ़कर हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां की ऊर्जा शक्ति और सुरक्षा की थी। कीकू शारदा ने लिखा, भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी लगा, जैसे यह याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल भी है और साहसी भी।

## बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित

**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर कविता चौधरी को दुनिया 'ललिता जी' और 'कल्याणी सिंह' के नाम से जानती है। भारतीय टेलीविजन की एक दमदार पहचान थीं। उन्होंने 'उड़ान' सीरियल के जरिए अपनी बहन (देश की दूसरी महिला **IPS**) की कहानी पेश करके लाखों लड़कियों को सिविल सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने सर्फ के विज्ञापन में 'ललिता जी' बनकर एक समझदार महिला के रूप में खुद को स्थापित किया। एनएसडी से शिक्षित कविता ने कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 2024 में दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका काम आज भी महिलाओं के लिए हौसले की मिसाल है। 80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी'के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है।



# रामायण के बाद रिलीज होगी लव एंड वॉर

*रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुए। यहां उन्होंने फैंस से बातचीत की और अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में खास अपडेट्स शेयर किए। सेशन के दौरान, रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि 'रामायण' उनकी अगली रिलीज होने वाली फिल्म है। उन्होंने आगे बताया कि संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' उसके बाद रिलीज होगी।*

**मुंबई।** 'लव एंड वॉर' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रणबीर कपूर के स्पष्टीकरण के बाद अब इसके इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होने की संभावना है। उम्मीद है कि यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। अपने अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, रणबीर ने कहा कि 'ब्रह्मास्त्र 2' फैंस की उम्मीद से जल्दी रिलीज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संदीप वांगा रेड्डी की 'एनिमल पार्क' भी पाइपलाइन में है। रणबीर ने कहा कि अगर डायरेक्टर इम्तियाज अली जॉर्डन के लिए कोई स्क्रिप्ट दे पाते हैं तो उन्हें 'रॉकस्टार 2' में वापस आकर खुशी होगी। 'ये जवानी है दीवानी' के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म का अंत बहुत सुंदर था। उन्होंने इशारा किया कि भविष्य में इसी तरह की एक और फिल्म आ सकती है। संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में रोमांस कहानी है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं। बताया जाता है कि इसमें 1960 के दशक के एयर फोर्स अधिकारियों के बीच एक लव ट्राएंगल दिखाया जाएगा।



# भंसाली और मेहता साथ आए

## जय सोमनाथ के लिए मिलाया हाथ

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ'के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।



## 80 साल पुरानी फिल्म को अपने ही देश में नहीं मिला था सम्मान

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में नीचा नगर ने लहराया था जीत का परचम

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल लेवल फिल्मों को पेश किया जाता है। इसमें दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्रीज की मूवीज शामिल रहती हैं। अक्सर रेड कारपेट पर सेलेब्स की मौजूदगी को लेकर चर्चा का विषय बनने वाला कान्स उस वक्त अधिक सुर्खियों में रहा, जब एक हिंदी सिनेमा की फिल्म ने इस फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये रही कि उस मूवी को भारत देश में सराहना नहीं मिली थी और उसे एक फिसड्डी मूवी के तौर पर जाना गया।*



## कान्स जीतने वालीं पहली हिंदी फिल्म

इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बहुत कम बार देखा गया है कि किसी भारतीय फिल्म ने कामयाबी का स्वाद चखा हो। लेकिन, जब भी ऐसा हुआ है, वह अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। ऐसा ही इतिहास 80 साल पहले आई हिंदी फिल्म नीचा नगर ने रचा था। 1946 में रिलीज होने वाली नीचा नगर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की पहली ऐसी फिल्म बनी थी, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। दिग्गज अभिनेता देव आनंद के बड़े भाई चेतन आनंद ने नीचा नगर के जरिए अपने डायरेक्टोरियल करियर की शुरुआत की।

## देश में नहीं हुई थी रिलीज

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का नाम रोशन करने वाली नीचा नगर को देश के सिनेमाघरों में कभी रिलीज नहीं किया गया। इस मूवी को 80 के दशक में सीधा टीवी चैनल दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था। ऐसे में इंटरनेवल पर कामयाबी हासिल करने वाली इस मूवी को अपने ही देशवासियों ने वो सम्मान नहीं दिया, जिसकी वह वाकई में हकदार थी।

## फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी

इसके अलावा वेटरन एक्ट्रेस रहीं कामिनी कौशल ने भी इस फिल्म के जरिए बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल 1946 में आयोजित होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस मूवी को ग्रैंड प्रिक्स डु फेस्टिवल इंटरनेशनल डु फिल्म पुरस्कार ने नवाजा गया था। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी, जिसमें अमीर और गरीब तबके के बीच भेदभाव के संवेदशील विषय को दर्शाया गया था। नीचा नगर अपने आप में एक प्रभावशाली फिल्म रही थी।

## खबर संक्षेप

### एजाज भाजपा आईटी सेल प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल

**बिश्रामपुर।** भाजपा ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार करते हुए आईटी सेल के प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है,जहां प्रदेश संयोजक आईटी सेल सुनील पिल्लई ने सूची जारी करते हुए बिश्रामपुर निवासी एजाज अहमद उर्फ जिम्मी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व सौंपा है,गौरतलब है कि एजाज अहमद उर्फ जिम्मी पहले भी युवा मोर्चा सहित दो बार आईटी सेल के जिला संयोजक का पदभार संभाल चुके हैं।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की नई टीम की घोषणा

**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमानन्द तिग्गा ने अल्पसंख्यक मोर्चा की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें मोर्चा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों के नाम शामिल हैं। भारत सिंह सिसोदिया ने नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य संगठन की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को और अधिक सशक्त करेंगे।

### चार दिवसीय सार्वजनिक विष्णु यज्ञ 18 फरवरी से

**करवां।** स्थानीय यज्ञशाला में सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से चार दिवसीय सार्वजनिक श्री विष्णु यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान पूज्य रामेश्वर गहिरा गुरु महाराज की प्रेरणा से संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म संत समाज गहिरा आश्रम के तत्वावधान में किया जा रहा है।आयोजन समिति के सदस्य अमर साय राजवाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 फरवरी को मंडप स्थापना, कलश यात्रा, वेदी संरचना एवं रामचरित मानस पाठ के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। 19 फरवरी को हवन-पूजन के उपरांत सायं कालीन आरती एवं सत्संग का आयोजन होगा।20 फरवरी को हवन-पूजन एवं आरती के साथ जनेऊ संस्कार एवं अन्नप्राशन संस्कार संपन्न किए जाएंगे। रात्रि में धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन होगा, जिसमें संत समाज श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संदेश देंगे।21 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं विप्र विदाई के साथ श्री विष्णु यज्ञ का समापन किया जाएगा।

### मैनपाट महोत्सव के आखिरी दिन दंगल स्पर्धा का फैसला

अंबिकापुर। मैनपाट महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को दंगल प्रतियोगिता का फैसला हुआ। पहलवानों ने जीत के लिए दमखम दिखाया, महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में कड़े मुकाबले के बाद विजेताओं का फैसला हुआ। छत्तीसगढ़ केशरी पुरूष वर्ग दंगल में 80 किग्रा से अधिक की श्रेणी में विजेंद्र पाल सिंह जीते, उपविजेता पहलवान सतपाल रहे। विजेता को 11 हजार रुपए और उपविजेता को 5100 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ कुमार 80 किग्रा से कम श्रेणी में पवन जीते, उपविजेता मनीष यादव रहे। इस श्रेणी में विजेता को 5100 रुपए और उपविजेता को 2100 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया।

## भक्ति और उल्लास से गूंज उठा पूरा चरचा क्षेत्र

# शिव-पार्वती विवाह के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी





पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर चरचा क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ की भव्य एवं आकर्षक बरात निकाली गई। श्रद्धा, उत्साह और भक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरूष, बच्चे एवं युवा शामिल हुए। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बरात सुभाष नगर स्थित शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर अंबेडकर नगर, महाराणा प्रताप चौक, नेपाल गेट, न्यू मार्केट, व्हीटीसी चौक होते हुए आगे बढ़ी। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे।

आयोजन समिति द्वारा चार डीजे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें एक डीजे महिलाओं के लिए, तथा तीन डीजे पुरूषों और बच्चों के लिए निर्धारित किए गए थे। व्हीटीसी चौक पर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनि यादव ने पुष्प वर्षा कर बरात का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जल एवं शरबत की व्यवस्था कराई। इसके बाद बरात राजीव गांधी चौक पहुंची, जहां युवाओं ने भगवान भोलेनाथ के स्वागत में विशेष रूप से भाग (शरबत) वितरित किया और उत्साहपूर्वक शामिल हुए। अंततः बरात स्टाफ स्थित पार्वती मंदिर परिसर पहुंची, जहां पूरे विधि-विधान के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। महिलाओं ने परिछावन कर मंगल गीत गाए तथा जयमाला की रस्म अदा की गई। जिस प्रकार एक कन्या का विवाह रीति-रिवाजों के साथ किया जाता है, उसी प्रकार पूरे पारंपरिक तरीके से विवाह संस्कार संपन्न हुआ। बरात मार्ग में विभिन्न स्थानों पर मीठा, शरबत एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चरचा थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय सहित पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। सुभाष नगर नवयुवक संघ के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और भविष्य में भी इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। उनका कहना था कि भगवान शिव की बरात निकालने का उद्देश्य समाज में शिव भक्ति का संदेश प्रसारित करना और लोगों को धर्म व संस्कृति से जोड़ना है। इस प्रकार महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व चरचा क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। बरात के समापन के पश्चात पार्वती मंदिर परिसर में देर रात तक भक्ति संगीत और भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह प्रसंगों का सुंदर संगीतमय प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर सुना। मंदिर परिसर रंग-बिरंगी रोशनी से सुसज्जित रहा और पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष बरात में पिछले वर्षों की तुलना में अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। विशेष रूप से युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। समिति द्वारा साफ-सफाई, पेयजल, प्राथमिक उपचार तथा यातायात व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। रात्रि में शिव-पार्वती विवाह के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र की उन्नति की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर रात्रि जागरण किया और मंदिर में जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजकों ने पुलिस प्रशासन जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगी नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रकार महाशिवरात्रि का यह भव्य आयोजन चरचा क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बनकर एक यादगार अध्याय जोड़ गया।

## महाशिवपुराण कथा का समापन, 3 हजार श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष देकर दिया आशीर्वाद



सोनहत। विकासखंड मुख्यालय स्थित महादेव मिनी स्टेडियम में महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य विनयकांत त्रिपाठी ने द्वादश ज्योतिर्लिंग महोत्सव, पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं देवी चरित्र के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा वाचक ने कहा कि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग से लेकर रामेश्वरम तक स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान शिव की अनंत महिमा के प्रतीक हैं। इन ज्योतिर्लिंगों के नाम का स्मरण मात्र ही मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश करने वाला माना गया है। उन्होंने शिव और शक्ति की एकात्मता का वर्णन करते हुए माता सती और माता पार्वती के तप, त्याग और नारी शक्ति के स्वरूप को श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर कथा श्रवण करने पहुंचे करीब तीन हजार से अधिक श्रद्धालु महिला-पुरूषों को आचार्य त्रिपाठी ने रूद्राक्ष प्रदान कर आशीर्वाद दिया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे सहित कोरिया, सूरजपुर और एमसीबी जिले के जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रेणुका सिंह आयोजन की प्रमुख सूत्रधार रहीं। उन्होंने सातों दिन कथा का श्रवण करने के साथ ही व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की। विधायक ने कहा कि सनातन परंपरा आस्था और सेवा का समन्वय सिखाती है। जब श्रद्धा के साथ समाजसेवा जुड़ती है, तब समाज सशक्त बनता है। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की मांग पर स्टेडियम ग्राउंड का नामकरण महादेव स्टेडियम ग्राउंड किए जाने की घोषणा की गई, इससे पूर्व सावन के अंतिम सोमवार को मुख्य चौक का नाम भी महादेव चौक किया गया था। वनांचल सोनहत में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और आस्था का वातावरण बना रहा।

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर एवं साइबर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी प्रदान करना तथा साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक कुमार तिवारी अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश मनेन्द्रगढ़ रहे।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संविधान, मौलिक अधिकारों, कानूनी प्रक्रियाओं और विधिक सहायता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विधिक साक्षरता से व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होता है और किसी भी अन्याय के विरूद्ध उचित कानूनी मार्ग अपनाने में सक्षम बनता है। साथ ही मुख्य अतिथि ने साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया दुरूपयोग और डिजिटल गोपनीयता उल्लंघन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित पासवर्ड, संदिग्ध लिंक से बचाव, व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी तथा साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पर उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य तथा बीएड के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में कानून और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी, जिससे वे जिम्मेदार और सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित हों।

### गुंजन साहित्य संघ का वर्चुअल मंच पर लघुकथा एवं कविता पाठ

रामानुजगंज। गुंजन साहित्य संघ की ओर से रविवार को वर्चुअल मंच पर लघुकथा वाचन एवं कविता पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश से साहित्यकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई, जिससे पूरा मंच साहित्यिक गूंज से मुखर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कृष्णा बाबू द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर संघ की अध्यक्षा डॉ. दीपा गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने सामूहिक रूप से शिव भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साहित्यिक सत्र में नार्वे से जुड़े सुरेश चंद्र शुक्ल ने अपनी हृदयस्पर्शी लघुकथा रिश्तों की भीख का पाठ किया। डॉ. कृष्णा बाबू ने व्यंग्यप्रधान लघुकथा उपाय प्रस्तुत कर श्रोताओं को सोचने पर विवश किया। अमेरिका से डॉ. वीणा विज ने बाल मन की सुंदर अभिव्यक्ति करती निराली सजा का मार्मिक वाचन किया। चंडीगढ़ से वीरेंद्र राय ने चाँद के दाग़ कविता के माध्यम से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

# वीरेन्द्र और रामकिंकर योग समिति के संरक्षक मनोनीत

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



योग एवं आध्यात्म के पक्षधर नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पांडे को एमसीबी योग सेवा समिति का सम्मानित संरक्षक मनोनीत किया गया है।

योग सेवा समिति की सदस्यता एवं संरक्षक का विशेष दायित्व प्रदान करने के पश्चात पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र पोखरियाल एवं जिला योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने कहा कि एमसीबी जिले के दो विशिष्ट व्यक्तियों के योग समिति में सम्मिलित होने से समय-समय पर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा एवं योग के विस्तार एवं सदस्यता अभियान को गति मिलेगी। योग समिति में डॉ.रामकिंकर पांडे एवं नगर पंचायत लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा के सम्मिलित होने पर एमसीबी योग सेवा समिति के योग साधक एवं साधिकाओं ने हर्ष व्यक्त की है। ज्ञातव्य है कि श्री राणा योग के प्रबल पक्षधर रहे हैं। डॉ. रामकिंकर पांडे धार्मिक प्रवृत्ति के सुप्रसिद्ध साहित्यकार भी हैं। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र पोखरियाल ने कहा कि विशिष्ट व्यक्तियों के मार्गदर्शन से मनेन्द्रगढ़ से लेकर चिरमिरी में योग के विस्तार के लिए शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा एवं एमसीबी जिले में योग की रैली जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

# संकुल स्तरीय सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

संकुल सिलफिली में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह, मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते, मंडल विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार, बीआरपी सुदर्शन कुमार राजवाडे, प्राचार्य आईडी खलखो की उपस्थिति में सेवानिवृत शिक्षक आरपी गुप्ता, श्रीमती आईएल टोप्पो, श्रीमती किरण केरकेट्टा, बाबूलाल भगत, कमलापति पाठक के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिव प्रसाद खैरवार, अमल चन्द्र दास, श्रीमती जीवंति एक्का, अमल चंद्र दास एवं संकुल के सभी शिक्षक मौजूद रहे

### 10 दिनों में न्यूनतम पारा सामान्य से नीचे

**अम्बिकापुर।** शरद ऋतू समाप्त हुए एक पखवाड़ा होने को है लेकिन अभी भी न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे स्थिर है। अभी भी पश्चिमोत्तर से शुष्क हवाओं का प्रवाह जारी है। मौसम विज्ञानी आगामी चार पांच दिनों तक मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है। आमतौर पर फरवरी में दिन के तापमान में वृद्धि होने लगती है तथा ठंड के तेवर ढीले पड़ जाते है लेकिन इस बार स्थिति कुछ अलग है। फरवरी में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से फरवरी से पारा में तेज गिरावट होने के साथ 7 फरवरी को शीतलहर चली थी। दो दिन बाद पारा में वृद्धि होने का क्रम शुरू हुआ था लेकिन 10 दिन गुजरने के बावजूद अभी रात का पारा सामान्य स्थिति में नहीं पहुंच सका है तथा 6 जनवरी से लगातार 10 डिग्री के नीचे स्थिर है। इसके पूर्व भी बीच-बीच में फरवरी महीने में कडाके की ठंड पड़ी है लेकिन पिछले 57 वर्षों में कभी इतनी लम्बी ठंड नहीं पड़ी। इसके पूर्व वर्ष 1989, 2004, 2008 में 9 दिन एवं 1980, 1987 एवं 2001 में 8 दिन ठंड पड़ी थी।

# बतौली- बगीचा सड़क की हालत दयनीय, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बतौली- बगीचा सड़क की मरम्मत नहीं होने से सड़क की हालत न सिर्फ दयनीय हो गई है बल्कि मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम है कि सड़क पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क मरम्मत के लिए मटेरियल गिराए गए है बावजूद इसके आज तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में विभाग की अनदेखी का खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

बतौली बगीचा के राजकीय राजमार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए काफी खतरनाक हो गया है। जहां हर रोज जान जोखिम में डाल कर राहगीर आवागमन करने मजबूर है।



### ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मत की मांग

जर्जर सड़क से परेशान तथा आए दिन दुर्घटना की संभावना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क मरम्मत करने के लिए गड्ढे के समीप सामग्री गिराए गए है लेकिन गड्ढों को भरने का काम शुरू नहीं हो सका। ऐसे में गिट्टी कई महीनों से महज शो पी बन कर रहा गया है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**आए दिन होती है दुर्घटना-** बतौली-बगीचा मार्ग के दो किमी सड़क काफी जर्जर हो गई है। बारिश के बाद से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है जिससे दो पहिया वाहन चालक को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ दिनों पूर्व बतौली बगीचा मार्ग से ट्यूशन के लिए ग्राम बिलासपुर जा रहा छात्र दुर्घटना का शिकार हो गया था जिससे उसकी मौत हो गई।

मार्ग के 2 किलोमीटर सड़क की हालत इस कदर दयनीय हो गई है कि सड़क पर गड्ढों में तब्दील हो चुका है और 10 मिनट का सफर में घंटों लग रहा है। सड़क के जर्जर हो जाने से अब नगर के लोग हर रोज सड़क से उड़ती धूल से परेशान है और बीमारी का खतरा मंडराने लगा है। कभी कभार मार्ग पर पानी छिड़काव होने से लोगों को कुछ राहत मिलती है लेकिन बाद में फिर से पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग ने नए सड़क के स्वीकृति मिलने से जर्जर सड़क का मरम्मत कराने हाथ खड़े कर दिए है। मार्ग से हर रोज हजारों लोग प्रतिदिन जर्जर सड़क में आवागमन करने मजबूर है। बतौली राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे राजकीय राजमार्ग जो बतौली बगीचा सड़क है। इस मार्ग से स्कूल, कालेज के छात्र छात्राओं सहित वाहन सवार आवागमन करते है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी खड़गवां जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक/Q /वाचक/2026

खड़गवां, दिनांक 13/2/26

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम कोड़ागी की आम जनता को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका फुलकुंवर पिता स्व. शंकर सिंह जाति गोड़ निवासी कोड़ागी तहसील खड़गवां जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता आ. शंकर सिंह निवासी कोड़ागी का मृत्यु दिनांक 5/12/2018 स्थान कोड़ागी को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 26/2/2026 को 11.00 बजे तक आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 13/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी खड़गवां, जिला-एम.सी.बी.**

## पृष्ठ 1 का शेष

### देवाडांड में चौकी...

से क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया है, जिससे क्षेत्र में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत काफी संख्या में लोगों को लाभ मिला है और लाखों परिवारों ने गृह प्रवेश किया है। किसानों से किए वादों को पूरा करते हुए धान खरीदी की गई है तथा महतारी वंदन योजना के तहत माताओं-बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण से लाखों परिवारों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय बजट में हर जिले में कैंसर अस्पताल और ट्रामा सेंटर की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जिससे सस्ती दवाएं और बेहतर इलाज उपलब्ध होगा। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में एमसीबी जिले के विकास के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कई प्रमुख मांगें रखीं। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त चिरमिरी राम प्रसाद ने किया। इस अवसर पर सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एमसीबी डी राहुल वेंकट, एसपी श्रीमती रत्ना सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल, मंडल अध्यक्ष पुरूषोतम सोनकर, रीत जैन ,प्रदीप सालुजा, पुरन जायसवाल, बब्लू शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एसईसीएल कटकोना कालरी...

न केवल इस खदान से उत्पादन शुरू होगा, बल्कि इससे पांच नंबर एवं एक नंबर दोनों कोयला खदानों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, इससे क्षेत्रीय स्तर पर कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और ऊर्जा आपूर्ति को भी मजबूती मिलेगी। एसईसीएल के उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यक तकनीकी सुधार और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक बीएन झा, सब एरिया मैनेजर सुरेश राम, एरिया सेफ्टी ऑफिसर बीएस परिहार, खान प्रबंधक एचएन चौबे, इंजीनियर मनोज कुमार बेलदार, कार्मिक प्रबंधक जान डुंगडुंग, श्रमिक नेता योगेन्द्र मिश्रा, संतोष सिंह, विजय कुमार, सिविल इंजीनियर साई पवन, रमाकांत देवांगन सहित कटकोना कालरी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा के साथ...

राज्य मेरिट सूची में स्थान दिलाने के उद्देश्य से सभी हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अंग्रेजी, विज्ञान और गणित की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। विद्यार्थियों और अभिभावकों की काउंसलिंग कर परीक्षा के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार किया गया है। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल परीक्षा में वर्ष 2023-24 का परिणाम 84.22 प्रतिशत था, जो 2024-25 में बढ़कर 92.33 प्रतिशत हो गया और जिले ने राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी परीक्षा में परिणाम 87.27 प्रतिशत से बढ़कर 92.42 प्रतिशत हो गया, जिससे जिले ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में लगभग 886 रसोइया- सहायिकाओं को रोजगार मिला है। जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों के सहयोग से आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम ने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और पोषण स्तर में सुधार किया है।

### विकसित भारत जी राम जी के तहत एक दिवसीय कार्यशाला

कुसमी। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत कुसमी के सभा कक्ष में विकसित भारत जी राम जी के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित भाजपा के संयोजक एवं जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य संजीता नगेसिया, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत द्वारा ने कहा गया कि जी राम जी विकसित भारत योजना के तहत अब पूरे छत्तीसगढ़ में मनरेगा के स्थान पर केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा यह योजना पूरे छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से लागू की जा रही है। ग्राम पंचायत के विकास हेतु ग्राम वासियों की मांग के अनुसार सबसे पहले जल संरक्षण करना, सड़क, सीसी सड़क का निर्माण, पुल पुलिया सहित अन्य प्रकार के विकास कार्य कराने के साथ समूह के माध्यम में समूहों को लोन प्रदान कर क्षेत्र की विकास करना है। इस योजना के तहत 15 दिवस के तहत मजदूरों का भुगतान कर दिया जाएगा।

